गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, इंडिया
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट./2020 10.11.2020

1. लिस्टिंग विभाग नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड एक्सचेंज प्लाज़ा, 5वीं मंजिल, प्लॉट नंबर सी / 1, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व) मुंबई - 400051	2. लिस्टिंग विभाग बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड मंजिल 1, फिरोज़ जीजीभॉय टावर्स दलाल स्ट्रीट मुंबई - 400001

प्रिय महोदय/महोदया,

कृपया "**समग्र रूप से बेहतर निष्पादन करते हुए गेल ने वितीय वर्ष 21 की पहली तिमाही में 256 करोड़ रुपये के मुक़ाबले दूसरी तिमाही में 1,239 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ दर्ज किया**" की प्रेस विज्ञप्ति की प्रति संलग्न है।

उपर्युक्त आपकी जानकारी और रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,
भवदीय,

(एं.के. झा)
कंपनी सचिव
संलग्नक : उपरोक्तानुसार

प्रति :

इयूश बैंक एजी, फिलिअले मुंबई
टीएसएस एण्ड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
द कैपिटल, 14वीं मंजिल,
सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
मुंबई-400051

ध्यानाकर्षण-सुश्री अपर्णा सालुंके

सीआईएन/CIN
L40200DL1984GOI018976
www.gailonline.com

गेल (इंडिया) लिमिटेड

प्रेस विज्ञप्ति

समग्र रूप से बेहतर निष्पादन करते हुए गेल ने वित्तीय वर्ष 21 की पहली तिमाही में 256 करोड़ रुपये के मुक़ाबले दूसरी तिमाही में 1,239 करोड़ रुपये का कर पश्चात लाभ दर्ज किया।

नई दिल्ली, 10 नवंबर, 2020: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने 13 % की वृद्धि करते हुए वित्तीय वर्ष 21 की पहली तिमाही में 12,060 करोड़ रुपये के मुक़ाबले दूसरी तिमाही में 13,611 करोड़ रुपये का कारोबार किया जबकि कर पूर्व लाभ में वित्तीय वर्ष 21 की पहली तिमाही में 356 करोड़ रुपये के बरक्स 1551 करोड़ रुपए की वृद्धि की। कर पश्चात लाभ में वित्तीय वर्ष 21 की पहली तिमाही में 256 करोड़ रुपये की तुलना में दूसरी तिमाही में 1,239 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज किया।

दूसरी तिमाही में भौतिक के साथ-साथ वित्तीय दोनों निष्पादन में कंपनी के सभी प्रमुख क्षेत्रों में सुधार हुआ है। पहली तिमाही में कोविड-19 महामारी के कारण लगाए गए लॉकडाउन और आर्थिक गतिविधियों को फिर से शुरू करने में छूट के बाद, दूसरी तिमाही में कंपनी के सभी खंडों सामान्य स्तर तक तीव्रता लाई गई, जिसके परिणामस्वरूप पहली तिमाही की तुलना में लाभ में वृद्धि हुई। नेचुरल गैस ट्रांसमिशन में 18%, गैस मार्केटिंग में 9%, एलपीजी ट्रांसमिशन में 10%, पेट्रोकेमिकल सेल्स में 22% और लिक्विड हाइड्रोकार्बन सेल्स में 12% का भौतिक सुधार हुआ।

गेल के पेट्रोकेमिकल कारोबार में बड़ा बदलाव आया है। संयंत्र उत्पादन में 65% के उछाल के साथ वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही में 134 टीएमटी के मुकाबले 221 टीएमटी के साथ सामान्य स्तर पर वापस आ रहा है। बेहतर भौतिक प्रदर्शन और मूल्य प्राप्ति के कारण, दूसरी तिमाही के दौरान खंड की लाभप्रदता 170 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

तिमाही दर तिमाही आधार पर, कर पूर्व लाभ वित्तीय वर्ष 20 की दूसरी तिमाही में 1,535 करोड़ से वित्तीय वर्ष 21 की दूसरी तिमाही में 1,551 करोड़ तथा कर पश्चात लाभ 1,064 करोड़ रुपये से 1,239 करोड़ रुपये बढ़ गया।

छमाही आधार पर, गेल ने वित्तीय वर्ष 20 की पहली छमाही में 36,286 करोड़ रुपये के मुक़ाबले वित्तीय वर्ष 21 की पहली छमाही में 25,671 करोड़ रुपये का कारोबार तथा वित्तीय वर्ष 20 की पहली छमाही में 2,352 के मुक़ाबले चालू छमाही में कर पश्चात लाभ दर्ज किया।

इस तिमाही के दौरान, समूह का समेकित कारोबार वित्तीय वर्ष 21 की पहली तिमाही में 12,152 करोड़ रुपये के मुक़ाबले 13,774 करोड़ रुपये रहा जबकि समूह का कर पश्चात लाभ वित्तीय वर्ष 21 की पहली तिमाही में 643 करोड़ रुपये के मुक़ाबले 1,068 करोड़ रुपये रहा।

गेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मनोज जैन ने कहा कि कंपनी के संयंत्र और पाइपलाइन ने कोविड पूर्व निष्पादन स्तर को प्राप्त कर लिया है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि हालांकि पहली तिमाही के दौरान केपेक्स लॉकडाउन की वजह से प्रभावित हुआ था, नुकसान हुए समय की भरपाई के लिए गेल तत्परता से कदम उठा रहा है और अपनी जारी परियोजनाओं की प्रगति में तेजी लाने की कोशिश कर रहा है।